जाग उठा हमारा
आजाद हिन्दुस्तान
1 नवम्बर 2022

# नगर पालिका द्वारा मध्यप्रदेश स्थापना दिवस मनाया गया ।




बड़वाह---1 नवम्बर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर नगर पालिका द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत बस स्टैंड स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बस स्टैंड एवं आसपास की सफाई की गई।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता, भाजपा जिला महामंत्री महिम ठाकुर, नगर मंडल अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह तोमर पार्षद गण सर्व गणेश पटेल रजनी भंडारी नरसिंह सुरागे, रोहित चौरसिया, गणेश पार्षद प्रतिनिधि विजय सोनी विजय महाजन साबिर खान,बद्रीलाल पटेल, गगन भाटिया, नगर पालिका सीएमओ केशव सिंह सगर एवं नगर पालिका का समस्त स्टॉफ उपस्थित था।

# मुख्यमंत्री कन्या निकाह योजनांतर्गत नगर पालिका बड़वाह मे बैठक का आयोजन



बड़वाह---मुख्यमंत्री कन्या निकाह योजनांतर्गत नगर पालिका बड़वाह मे बैठक का आयोजन किया गया।इसमे नगर पालिका एवं बीएमबी ग्रुप, गरीब नवाज कमेटी, अता ए ओलिया कमेटी के द्वारा 13 नवम्बर को 61 जोडों का सामूहिक निकाह स्थान मौलाना आजाद मार्ग, नगर सेठ का खेत, वॉर्ड 17 मे आयोजित किया जायेगा।नगर पालिका मे बैठक का आयोजन किया गया। सीएमओ केशवसिंह सगर द्वारा बताया गया कि इस योजना मे शासन द्वारा प्रत्येक कन्या को 55 हजार रु. की राशि प्रदान की जाएगी, जिसमे प्रत्येक कन्या को 11 हजार रु का चेक, 38 हजार की उपहार सामग्री, एवं 6 हजार रु स्थानीय निकाय को प्रदान किये जाएंगे । इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता, भाजपा जिला महामंत्री महिम ठाकुर, नगर मंडल अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह तोमर, पार्षद गण नरसिंह सुरागे, रोहित चौरसिया, गणेश पटेल रजनी भंडारी पार्षद प्रतिनिधि साबिर खान, विजय महाजन, बद्रीलाल पटेल, गगन भाटिया, नगर पालिका सीएमओ केशव सिंह सगर एवं नगर पालिका का समस्त स्टॉफ उपस्थित था।

# जायसवाल समाज ने मनाया सहस्त्रार्जुन भगवान की जयंती महोत्सव



बड़वाह...अखिल भारतीय सर्ववर्गीय जायसवाल महासभा बड़वाह द्वारा सोमवार को अपने आराध्य देव श्री सहस्त्रार्जुन की जयंती पर भव्य महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव के तहत सोमवार शाम को सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में भगवान सहस्त्रार्जुन जी की महाआरती की गई। लेकिन इसके पूर्व समारोह का आयोजन भी हुआ जिसमें समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के साथ निर्वाचित पदों पर समाज का गौरव बढ़ाने वाले जनप्रतिनिधियों का सम्मान भी किया गया कार्यक्रम की शुरुआत शाम 6=30 बजे गणेश वंदना के साथ हुई इस दौरान समाज के सम्मानीय वरिष्ठ सदस्य मीसाबंदी रामचंद्र जायसवाल,डॉ रामकृष्ण जयसवाल,डॉक्टर अजय मालवीय,यशवंत मंडलोई एवं अनिल राय ने दीप प्रज्ज्वलन कर मंचासीन हुए। अतिथि परिचय एवं स्वागत भाषण शैलेंद्र जयसवाल द्वारा किया गया।

**सामाजिक एकता को बढ़ाने की जरूरत-**

कार्यक्रम के दौरान सामाजिक एकता को और अधिक बढ़ाने पर जोर दिया गया। नपा उपाध्यक्ष राजेश जयसवाल,डॉक्टर अनिल मालवीय एवं पूर्व नपाअध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल राय ने मंच से अपने विचार रखें। यहां सभी वक्ताओं ने कहा कि आज के परिवेश में समाज के संगठन को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है।

**प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का किया सम्मान-**

जयंती महोत्सव के दौरान समाज केवल प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित किया।जिन्होंने अपने शैक्षणिक प्रतिभा के बलबूते परिवार एवं समाज का मान सम्मान बढ़ाया है।इसमें आईआईटी चेन्नई में अध्ययनरत अंजली मदन जायसवाल ,सत्यम हीरालाल जायसवाल समेत 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 5 विद्यार्थियों का जायसवाल महासभा ने सम्मान किया।

**जनप्रतिनिधि भी हुए सम्मानित-**

महासभा द्वारा उन जनप्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया,जो हाल ही में जनप्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित हुए हैं। इसमें नगरपालिका उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल वार्ड दो की पार्षद जागृति जायसवाल, जनपद सदस्य कांतिबाई भगवानदास जायसवाल एवं नांदिया उपसरपंच प्रतिभा जितेंद्र मालवीय सम्मानित हुई। देर रात 9 बजे तक कार्यक्रम का समापन हुआ।

# प्रदेश का 67 वाँ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

## नृत्य प्रस्तुतियों से दिया संदेश,लकडी पर बजरंग आसन







खरगोन 1 नवम्बर 22/ -प्रदेश का 67वाँ स्थापना दिवस जिला मुख्यालय के डीआरपी लाइन स्थित मैदान पर धूमधाम और हर्षोल्लाष के साथ मनाया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनुबाई तंवर ने झंडावंदन किया। इसके पश्चात राष्ट्रगान और मप्र गान गाया गया। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य खेल मलखम्ब का अद्भुत प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा स्कूली छात्र छात्राओं ने फिल्मी और लोकगायकों द्वारा गाये गानों पर नृत्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री कुमार पुरूषोत्तम, एसपी श्री धर्मवीर सिंह, नपा अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, पूर्व विधायक श्री बाबुलाल महाजन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री बापूसिंह परिहार, पूर्व सीसीबी अध्यक्ष श्री रंजीत डंडीर, श्री परसराम चौहान, समाज सेवक श्री कल्याण अग्रवाल, सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### मलखम्ब में हुए अद्भुत आसन

स्थापना दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मलखम्ब का प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में खरगोन ने पहली बार जमीन में गडी लकडी पर शारीरिक व्यायाम की अद्भुत कलाओं को देख मौजूद दर्शक और मुख्य अतिथि आश्चर्य में तालिया बजाने लगे। मलखम्ब के खिलाडियों ने हाथों और पैरों का फरारा, बजरंग आसन और 3 पिरामिड, मयूरासन ने तो जैसे दर्शको को मंत्रमुग्ध किया।

### जय जय मध्यप्रदेश, आओ रे आओ हमारे मध्यप्रदेश

स्थापना दिवस पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने मध्यप्रदेश में सांस्कृतिक एकता का संदेश पर आधारित अनोखी नृत्य प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में 5 सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इसमें गोविंद गुरुकुल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने नर्मदा अष्टक, अहिल्या देवी मल्हार, आओ हम सब हाथ मिलाये और महांकाल शिव-शिव शम्भू नृत्य प्रस्तुति को काफी सराहना मिली। साथ एकलव्य आदर्श उमावि के छात्र छात्राओं ने निमाडी संस्कृति को डीआरपी लाइन पर जीवंत प्रस्तुत किया। इसी तरह अन्य स्कूलों ने भी उत्कृष्ट प्रस्तुतिया दी।

### स्वास्थ्य केंद्रित योजना आयुष्मान में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले हुए सम्मानित

स्थापना दिवस के अवसर पर आयुष्मान कार्ड बनाने की दिशा में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले नगरीय निकाय और जनपदों के ऑपरेटर्स को सम्मानित किया गया। इसमें नगर पालिका खरगोन के प्रभारी राजस्व अधिकारी महेश वर्मा और पिंटू भाटिया सहित 20 कुल 16 कंप्यूटर ऑपरेटर्स को मंच से मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने सांस्कृतिक प्रस्तुतिया देने वाले स्कूली छात्र छात्राओं के दल के साथ फोटो भी खिंचवाए। कार्यक्रम का संचालन श्री राजकुमार शर्मा और श्री अमित शर्मा ने किया

# खरगोन टैंकर ब्लास्ट में अब तक 9 की मौत



खरगोन जिले के अंजन गांव के पास हुई टैंकर दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर अब 9 हो गई है। शनिवार को उपचार के दौरान एमवाय अस्पताल में 7 मरीजों ने एक-एक कर दम तोड़ दिया।

परिवार के लोगों के मुताबिक सुबह अनिल पिता नत्थू की मौत हो गई थी। बेटे के बाद पिता नत्थू (40) ने भी दम तोड़ दिया। मौत का सिलसिला यहीं नहीं रूका। हीरालाल पिता सरदार (25), मनु पिता भावसिंह (20) और कन्हैया पिता शेर सिंह की भी इलाज के दौरान मौत हो गई।

इससे पहले रंगू उर्फ गुड़िया मौके पर ही जलकर कंकाल में तब्दील हो गई थी। इसके बाद दूसरी मौत उसकी ममेरी बहन नीरा की उपचार के दौरान हुई थी। मरने वालों में कन्हैया को छोड़कर आपस में सभी रिश्तेदार हैं।



उल्लेखनीय है कि बुधवार सुबह गांव के पास डीजल-पेट्रोल से भरा एक टैंकर पलट गया था। टैंकर पलटते ही ग्रामीण वहां पहुंच गए थे और ईंधन भर-भर कर ले जाने लगे थे। तभी टैंकर में धमाके के साथ आग लग गई थी।घटना में मौके पर मौजूद ग्रामीण चपेट में आ गए थे।हादसे में 21 से ज्यादा लोग घायल हुए थे, जिसमें से करीब 17 घायलों को इंदौर रैफर किया गया था। एक दर्जन से अधिक घायलों की हालत गंभीर बनी हुई थी, जिसमें से पांच की मौत हो गई।हादसे में ज्यादातर लोगों के शरीर के ऊपरी हिस्से झुलसे। डाक्टरों की टीम घायलों के उपचार में जुटी है। वहीं टैंकर चालक पवन पिता नृसिंह उम्र 27 साल निवासी चौड़ी को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। प्रभावितों को सहायता राशि प्रदान करने के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से सहायता राशि प्रदान करने के लिए प्रस्ताव भेजा था। जिसके बाद मृतक के वैध वारिस को 2 लाख रुपए, गंभीर घायलों को 50 हजार रुपए और सामान्य गंभीर को 25 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई।

# 565 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर राष्ट्र निर्माण में निभाई भूमिका



**करही**-देश के प्रथम गृह मंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभ पटेल की जयंती पर पाटीदार समाज करही तहसील इकाई ने एकता दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम में पैदल रैली, आकर्षक झांकियां व सभा का आयोजन किया गया।

समाजजनो ने श्रीकृष्ण जीवन गोशाला से सुबह 11 बजे डीजे व ढोल के साथ रैली व पांच जीवंत झांकियों का कारवां निकाला। जो नगर के मुख्य मार्ग, चांदनी चौक, मुख्य चौराहे से होते हुए दोपहर 1 बजे पुरानी शुगर मिल कालोनी सभा स्थल पहुंची। रैली के दौरान समाजजनों ने उमिया माता, भगवान श्रीराम, भारत माता व सरदार वल्लभ भाई पटेल के जयकारे लगाए। रैली, झांकियों व समाजजनों का व्यापारी संघ, समाजसेवी संस्थाओं सहित अन्य लोगों ने स्वागत किया। रैली के बाद हुई सभा को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग बौद्धिक प्रमुख सुजीत पाटीदार ने संबोधित करते हुए कहा देश की 565 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर सरदार वल्लभभाई पटेल ने एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में पाटीदार समाज द्वारा पांच जीवंत झांकियां भी निकली गई। जिसमें प्रमुख रूप से नान्द्रा द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की झांकी, होदडीया द्वारा भारत माता की झांकी, सोमाखे?ी द्वारा उमिया माता की झांकी, मंदोरी द्वारा श्रीराम दरबार की झांकी व निजी स्कूल द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की जीवंत झांकियां निकाली गई जो आकर्षण का केंद्र रही।

इस दौरान अध्यक्ष गणेश पाटीदार, भगवान पाटीदार, प्रांतीय उपाध्यक्ष गुलाबचंद पाटीदार, अरविंद पाटीदार, नगर परिषद अध्यक्ष नंदकिशोर खेडेकर, उपाध्यक्ष महेश आसवानी, महादेव पाटीदार, सुखदेव पाटीदार, प्रेमचंद पाटीदार, बाबूलाल पाटीदार, धर्मेंद्र पाटीदार, अरविंद पाटीदार, केसी पाटीदार, सदाशिव पाटीदार, बलराम पाटीदार, राघव पाटीदार, प्रकाश पाटीदार, संजय पाटीदार, रामेश्वर पाटीदार, कपूरचंद पाटीदार, शिवशंकर रोकड़े सहित आसपास के गांवों के समाजजन मौजूद थे।







स्वामित्व, प्रकाशक एवं मुद्रक- नवरत्नमल जैन, 5 बी/3 प्रेस कॉम्पलेक्स इंदौर एवं 2/12 एनेक्स श्री कंवर कालोनी बड़वाह से प्रकाशित एवं कॉम्पेक प्रिंटर्स लि. फ्री प्रेस हाऊस 3/54 प्रेस कॉम्पलेक्स इंदौर से मुद्रीत। प्रधान संपादक नवरत्नमल जैन नवनीत इंदौर फोन: ( 0731 )2571009, बड़वाह ( 07280 )224750, मो. 9407133337